कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-27.02.2025

विषय:- थाना मण्डुवाडीह पुलिस टीम द्वारा हत्या के मामले मे फरार/वांछित अभियुक्त चन्द्रमोहन सिंह गिरफ्तार, कब्जे से हत्या में प्रयुक्त 01 अदद आला कत्ल दो नाली बन्दूक 12 बोर मय 02 अदद जिन्दा कारतूस बरामद।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराधों की रोकथाम एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण मे, श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त रोहनिया के नेतृत्व में थाना मण्डुवाडीह पुलिस टीम द्वारा **“ऑपरेशन चक्रव्यूह”** के तहत मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-56/2025 धारा 103(1) बी0एन0एस0 व बढ़ोत्तरी धारा 30 शस्त्र अधि0 थाना मण्डुवाडीह कमि0 वाराणसी से सम्बन्धित फरार/वांछित अभियुक्त चन्द्रमोहन सिंह पुत्र स्व0 श्याममोहन सिंह निवासी ग्राम हुसेनपुर थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ हाल पता विजय राज यादव के मकान में किरायेदार चांदपुर पंचायत भवन के पास थाना मण्डुवाडीह जनपद वाराणसी को आज दिनांक-27.02.2025 को समय करीब 14.05 बजे विजय राज यादव के घर के सामने चांदपुर से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से हत्या में प्रयुक्त 01 अदद आला कत्ल दो नाली बन्दूक 12 बोर मय 02 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद हुआ। उक्त गिरफ़्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना मण्डुवाडीह पुलिस द्वारा अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

विवरण पूछताछ- अभियुक्त चन्द्रमोहन सिंह ने पूछताछ करने पर बताया कि मैं पंचायत भवन चांदपुर के पास विजय के मकान में अपनी पत्नी व पुत्र के साथ किरायेदार के तौर पर रहता हूँ। कल दिनांक-26.02.2025 को मेरे और मेरी पत्नी के बीच सुबह से ही अपने शाले की सगाई में जाने को लेकर विवाद हो रहा था तब मेरा बेटा भी घर पर ही मौजूद था जिसने हम दोनों को समझाने बुझाने का प्रयास किया तो मामला थोड़ा शांत हो गया और इसके बाद मेरा लड़का अपने निजी काम से कही चला गया, जिसके जाने के कुछ समय पश्चात हम दोनों पति-पत्नी के बीच फिर से शाले के शादी में जाने की बात को लेकर बहसबाजी व विवाद बहुत बढ़ गया और मुझे काफी गुस्सा आ गया तब मैनें अपनी पत्नी को बार-बार मना किया लेकिन वह नहीं मानी और फिर मैंने गुस्से में अपने घर में पड़ी लाइसेंसी दो नाली बन्दूक में दो कारतूस भरकर अपनी पत्नी पर निशाना ताना और बोला की अब चुप हो जाओ नहीं तो गोली मार दूंगा लेकिन मेरी पत्नी चुप नहीं हुई और तब मैंने निशाना साधते हुये अपनी बन्दूक से उसे दो गोली मार दिया। गोली लगते ही मेरी पत्नी गिर पड़ी, तब तक गोली चलने की आवाज सुनकर आस-पड़ोस के लोग आ गये और तब खुद को पकड़े जाने से बचाने के लिये लोगों पर बन्दूक तानते हुये मैं मौके से भाग गया। आज पुलिस से लुकते-छिपाते हुये अपने किराये के घर पर रखे हुये पैसा लेने आया हुआ था कि तभी आप लोगों ने मुझे पकड़ लिया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण- चन्द्रमोहन सिंह पुत्र स्व0 श्याममोहन सिंह निवासी ग्राम हुसेनपुर थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ हाल पता विजय राज यादव के मकान में किरायेदार चांदपुर पंचायत भवन के पास थाना मण्डुवाडीह जनपद वाराणसी, उम्र 47 वर्ष।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय- विजय राज यादव के घर के सामने चांदपुर से, दिनांक-27.02.2025 को समय करीब 14.05 बजे।

बरामदगी का विवरण- हत्या में प्रयुक्त 01 अदद आला कत्ल 12 बोर दो नाली बन्दूक मय 02 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद।

आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0-56/2025 धारा 103(1) बी0एन0एस0 व बढ़ोत्तरी धारा 30 शस्त्र अधि0 थाना मण्डुवाडीह कमि0 वाराणसी।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. प्रभारी निरीक्षक भरत उपाध्याय थाना मण्डुवाडीह कमि0 वाराणसी।
2. उ0नि0 सत्यप्रकाश यादव थाना मण्डुवाडीह कमि0 वाराणसी।
3. उ0नि0 अभयनाथ तिवारी थाना मण्डुवाडीह कमि0 वाराणसी।
4. हे0का0 शक्ति सिंह थाना मण्डुवाडीह कमि0 वाराणसी।
5. का0 सूर्यभान सिंह थाना मण्डुवाडीह कमि0 वाराणसी।
6. का0 अमित कुमार तिवारी थाना मण्डुवाडीह कमि0 वाराणसी।
7. का0 जावेद थाना मण्डुवाडीह कमि0 वाराणसी।
8. का0 अभ्युदय सिंह थाना मण्डुवाडीह कमि0 वाराणसी।
9. का0 अविनाश यादव थाना मण्डुवाडीह कमि0 वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी